बाबा मैं हार गया हूँ मुझको जिताने आजा भजन लिरिक्स

बाबा मैं हार गया हूँ,
मुझको जिताने आजा,
डूबती नैया को कन्हैया,
बचाने आजा,
डूबती नैया को कन्हैया,
बचाने आजा।bd।

तर्ज – लेके संजीवनी संकट को।

तेरे बिन बाबा,
मेरा और ना सहारा है,
हारे ने हारे के,
सहारे को पुकारा है,
तू अगर रूठा,
तो बोल कहाँ जाऊंगा,
तेरे बिन बाबा,
एक पल भी जी ना पाउँगा,
धीर टूटा मेरा,
तू धीर बढ़ाने आजा,
डूबती नैया को कन्हैया,
बचाने आजा।bd।

तेरा साया तो,
हर गम को भुला देता है,
गम के मारों को,
खुशियों से मिला देता है,
श्याम तू प्यारा,
हर प्रेमी का दुलारा है,
दिल ये हारा है,
ये दिल भी तुम्हारा है,
दिल ये रो रो रहा,
इस दिल को मनाने आजा,
डूबती नैया को कन्हैया,
बचाने आजा।bd।

तेरे 'आमिर' के,
आँखों में आंसुओं को,
समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के सुविधानुसार अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

गम का सागर है,
मझधार में नैया है पड़ी,
तू तो सब जाने,
जाने है भला क्या मैं कहूं,
तेरे होते हुए,
दुखडो को भला क्यों मैं सहूँ,
भीगी पलकों में,
खुशियों को सजाने आजा,
डूबती नैया को कन्हैया,
बचाने आजा।bd।

बाबा मैं हार गया हूँ,
मुझको जिताने आजा,
डूबती नैया को कन्हैया,
बचाने आजा,
डूबती नैया को कन्हैया,
बचाने आजा।bd।

Singer / Writer – Aamir Ali

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com